# माननीय मंत्री एवं संस्थान के संरक्षक श्री श्रवण कुमार जी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर जे0 पी0 ग्रुप ऑफ एजुकेशन के प्रागंण में 51 वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया।

जे0 पी0 ग्रुप परिवार के संरक्षक श्री श्रवण कुमार, माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, (बिहार सरकार) के लम्बे जीवन की कामना करते हुए संस्थान परिसर में 51 पौधों का वृक्षारोपण किया गया।

इस पुनीत अवसर पर जे0 पी0 परिवार के सचिव श्री शैलेश कुमार के द्वारा संस्थान के संरक्षक श्री श्रवण कुमार के लम्बी आयु की मंगलकामना करते हुए पूजा अर्चना के साथ वृक्षारोपण किया गया तथा माननीय मंत्री जी की लम्बी उम्र तथा स्वस्थ्य जीवन की कामना किया गया तथा यह विश्वास व्यक्त किया गया कि हमारे संस्थान के संरक्षक के रूप में हमें हमेशा उनका मार्गदर्शन तथा आशीर्वाद मिलता रहे। माननीय मंत्री जी के संरक्षण में यह संस्थान निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है और प्रत्येक वर्ष इस ग्रुप में एक नया संस्थान जुड़ रहा है। यह संस्थान आज यहाँ तक पहुंचा है तो इसमें माननीय मंत्री जी का कुशल मार्गदर्शन रहा है। हमारा संस्थान उनके दीघार्यु होने की कामना करता है।

ज्ञातव्य हो कि जे0 पी0 ग्रुप में प्रत्येक वर्ष माननीय मंत्री जी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर वृक्षारोपण किया जाता है। इस कैंपस में लगभग 400 वृक्ष आज भरा–पूरा पेड़ बन चुका है तथा यह नालन्दा जिला का एक मात्र पूर्ण हरा–भरा कैंपस है।

इस अवसर पर जे0पी0 ग्रुप के सभी विभागों के प्राचार्य, शिक्षकगण, सभी कर्मचारी तथा छात्र–छात्राएँ उपस्थित थे सभी ने अपने संस्थान के संरक्षक के लम्वें एवं सुखी जीवन की मंगलकामना की।

भवदीय

20.8.25

